# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 31 अक्तूबर, 2019

drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/31-10-2019/print

## नेलोप्टोड्स ग्रेटा

## Nelloptodes Gretae

लंदन में नेचुरल हिस्ट्री म्यूज़ियम के वैज्ञानिकों ने आधिकारिक तौर पर झींगुर (Beetle) की एक छोटी प्रजाति का नाम **नेलोप्टोड्स ग्रेटा (Nelloptodes Gretae)** रखा है। उल्लेखनीय है कि यह नाम 16 वर्षीय स्वीडिश पर्यावरण प्रचारक ग्रेटा थनबर्ग के नाम पर रखा गया है।



## नेलोप्टोड्स ग्रेटा के बारे में:

- नेलोप्टोड्स ग्रेटा पहली बार केन्या में 1960 के दशक में पाए गए, जिन्हें वर्ष 1978 में लंदन के नेचुरल हिस्ट्री म्यूज़ियम में भेज दिया गया।
- यह झींगुरों के टिलाइडी (Ptiliidae) परिवार से संबंधित है।


## शारीरिक विशेषताएँ:

- यह 1 मिमी. से कम लंबा होता है और इसमें पंख नहीं पाए जाते हैं ।
- साथ ही यह विश्व के सबसे छोटे झींगुरों में गिना जाता है।

## निर्विक योजना

## Nirvik scheme

केंद्र सरकार ने निर्यातकों के लिये ऋण लेने की प्रक्रिया को आसान बनाने और ऋण उपलब्धता को बढ़ाने के उद्देश्य से **निर्यात ऋण विकास योजना- निर्विक योजना (Niryat Rin Vikas Yojna- Nirvik scheme)** की घोषणा की है।




## भागीदार संस्था:

- निर्विक योजना के तहत भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम (Export Credit Guarantee Corporation of India- ECGC) 90% कवर प्रदान करेगा।
- वर्तमान में ECGC द्वारा बैंकों को दिया जाने वाला औसत कवर 60% है। पिछले चार से पाँच वर्षों में ECGC ने विभिन्न बैंकों को दावों हेतु एक वर्ष में लगभग 1,000 करोड़ रुपए का भुगतान किया है और बाद में धीरे-धीरे इस कवर को कम कर दिया।

## भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम के बारे में:

- भारत सरकार के स्वामित्व में वर्ष 1957 में इसकी स्थापना निर्यात के लिये ऋण जोखिम बीमा (Credit Risk Insurance) और संबंधित सेवाएँ प्रदान करके निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी।
- निर्यात ऋण का विस्तार करने वाले वाणिज्यिक बैंकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये इसने विभिन्न निर्यात ऋण बीमा योजनाएँ शुरू की हैं।
- यह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है।

---

## होरी हब्बा

# Hori Habba

होरी हब्बा (Hori Habba) एक प्रकार का बैल-पकड़ने वाला कर्नाटक का लोक खेल (Folk Game) है।



- इसका आयोजन फसल बुवाई के मौसम में या दीपावली के आस-पास किया जाता है।
- ध्यातव्य है कि यह खेल तमिलनाडु के **जल्लीकट्टू** एवं दक्षिण कन्नड़ ज़िले के **कंबाला** के समान ही खेला जाता है।
- इसमें सैकड़ों प्रशिक्षित और सजे हुए बैलों को भारी भीड़ के बीच दौड़ाया जाता है तथा निर्दिष्ट लक्ष्य तक पहले पहुँचने वाले बैल को विजेता घोषित किया जाता है।
- साथ ही इसमें लोगों द्वारा भीड़ के बीच से भागते बैल को पकड़ने का प्रयास भी किया जाता है।

---

## राष्ट्रीय एकता दिवस

# National Unity Day

भारत में प्रतिवर्ष 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

- इसे राष्ट्रीय एकता दिवस भी कहते हैं।
- यह वर्ष 2014 में पहली बार 'भारत के लौह पुरुष' को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से मनाया गया था।
- इस दिन सरदार पटेल के राष्ट्रीय अखंडता और एकता में योगदान के विषय में जागरूकता फैलाने के लिये 'रन फॉर यूनिटी (Run For Unity)' जैसे विभिन्न आयोजन किये जाते हैं।
- वर्ष 2018 में भारत सरकार ने सरदार वल्लभभाई पटेल के सम्मान में गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (Statue Of Unity) का अनावरण किया था। गौरतलब है कि यह विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा है।

## सरदार वल्लभभाई पटेल

- सरदार पटेल का जन्म 31 अक्तूबर, 1875 को नाडियाड गुजरात में हुआ था।
- वे भारत के प्रथम गृहमंत्री और उप-प्रधानमंत्री थे।
- भारतीय राष्ट्र को एक संघ बनाने तथा भारतीय रियासतों के एकीकरण में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका थी।
    - ध्यातव्य है कि स्वतंत्रता के समय विभिन्न रियासतों को भारतीय संघ में शामिल होने के लिये राज़ी करने में सरदार पटेल की मुख्य भूमिका थी।
    - उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिये सामाजिक नेता के रूप में अथक प्रयास किये।
- बारडोली की महिलाओं ने उन्हें 'सरदार' की उपाधि दी। जिसका अर्थ 'प्रमुख या नेता' होता है।

- भारत को एकीकृत (एक भारत) और एक स्वतंत्र राष्ट्र बनाने में उनके महान योगदान के लिये उन्हें भारत की एकजुटता के वास्तविक सूत्रधार के रूप में जाना जाता है।
- साथ ही उन्होंने आधुनिक अखिल भारतीय सेवा प्रणाली की स्थापना भी की। जिसके कारण उन्हें 'भारत के सिविल सेवकों के संरक्षक संत' (Patron saint of India's civil servants) के रूप में भी याद किया जाता है।